YOUNG INDIA > YOUNG PAPER
NBT
नवभारत टाइम्स

Noida Times
तलाक की खबरों को खारिज किया प्रियंका ने

बिना भुगतान सेल डीड का कोई महत्व नहीं: SC
›p12

नई दिल्ली › बुधवार, 24 नवंबर 2021 › मार्गशीर्ष 3 शक संवत 1943 मार्गशीर्ष कृष्ण पंचमी विक्रम संवत 2078
www.navbharatgold.com
वर्ष 75, संख्या 278 › पेज 18* › नोएडा › मूल्य 3.00 या 7.00* रुपये ट टाइम्स ऑफ इंडिया सहित
www.nbt.in
*वार्षिक खरीद पर ही लागू

हवाई अड्डे के शिलान्यास की तैयारियां देखने के बाद सीएम बोले

एक लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार देगा एयरपोर्ट

■ विस/एस, ग्रेनो/जेवर

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नोएडा इंटरनैशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट एशिया का सबसे बड़ा पर्यावरण अनुकूल हवाईअड्डा होगा। इसके बनने से एक लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों 25 नवंबर को इसका शिलान्यास सौभाग्य की बात है। बुधवार को वह नोएडा एयरपोर्ट के शिलान्यास समारोह की तैयारियों का एक घंटे तक निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री के आभारी हैं कि उनके मार्गदर्शन में एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट का हम निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। एयरपोर्ट के निर्माण के प्रथम चरण में ही दस हजार करोड़ का निवेश संभावित है। पूरा एयरपोर्ट के निर्माण में 34-35 हजार करोड़ का निवेश होगा। मंच और पंडाल पूरी तरह से तैयार हो चुका है।

सीएम ने करीब एक घंटे तक अधिकारियों व बीजेपी के विधायक, सांसद व नेताओं के साथ एक मीटिंग की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां करीब 4:40 बजे हेलिकॉप्टर से पहुंचे और करीब सवा तीन घंटे के बाद शाम 7 बजे यहां से गए। सीएम ने कहा कि नोएडा एयरपोर्ट के साथ ही इस क्षेत्र में विकास की ढेर सारी संभावनाएं आगे बढ़ी हैं। यह यूपी का पांचवां इंटरनैशनल एयरपोर्ट होगा। कुशीनगर में एक इंटरनैशनल एयरपोर्ट का शुभारंभ हो चुका है। अयोध्या में इंटरनैशनल एयरपोर्ट का निर्माण कर रहे हैं। योगी ने कहा कि चार वर्षों के अंदर उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उड़ान योजना के तहत एयर कनेक्टिविटी में काफी बढ़ी है। यूपी में 2017 तक 2 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट थे इस समय उड़ान योजना 9 एयरपोर्ट काम कर रहे हैं। चार साल पहले यूपी के एयरपोर्ट 25 स्थानों से जुड़े थे इस समय 80 स्थानों पर जुड़े हैं।

Asad

25 को शिलान्यास के साथ प्रधानमंत्री जनसभा को करेंगे संबोधित

Anil

सभास्थल पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं

सीएम ने साधा निशाना

यूपी में एक समस्या यह भी आयी है कि अक्ल से पैदल लोग कोई भी प्रोजेक्ट के लोकार्पण व शिलान्यास पर कहते हैं हमने भी इसके बारे में सोचा था। ऐसे लोगों को समयबद्ध तरीके से प्रोजेक्ट का शिलान्यास व पूरा किस तरह किया जाता है यह बताने के लिए 25 नवंबर को सभी को मैं आमंत्रित करता हूं। वह आकर पीएम नरेंद्र मोदी के विचारों को को सुनें।

सज रहा है एक्सप्रेसवे

■ **वस, नोएडा :** प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सहित कई वीवीआईपी के आगमन को देखते हुए नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर 25 नवंबर को अंडरपास और सड़क बनाने के काम बंद रहेंगे। यह आदेश अथॉरिटी सीईओ के निर्देश पर जीएम पीके कौशिक ने जारी किया है। इसके साथ ही अथॉरिटी ने एक्सप्रेस-वे को सजाने की शुरुआत कर दी है। बुधवार रात तक एक्सप्रेसवे को पूरी तरह से साफ किया जाएगा।

प्रदर्शनी स्थल को सीएम ने सराहा

■ **विस, ग्रेनो :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट समारोह स्थल पर तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने उस प्रदर्शनी स्थल का दौरा किया, जिसको प्रधानमंत्री देखेंगे। इसे बेहद सुंदर तरीके से सजाया गया है। नोएडा एयरपोर्ट किस तरह भारतीय परंपरा को समेटे हुए बनेगा, इसे मॉडल व चित्रों में देखकर सीएम प्रसन्न हुए। नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट में प्रवेश करते समय काशी के गंगा घाटों का नजारा जहां दिखेगा। वहीं, प्रयागराज में संगम के किराने का अनुभव भी विमानयात्री किस तरह महसूस करेंगे इसे भी सीएम ने देखा। एयरपोर्ट के टर्मिनल बिल्डिंग में प्रवेश करते ही भारतीय मंदिरों के विशाल आंगन की परंपरा के दर्शन डिजाइन में दिखाई देंगे। यमुना इंटरनैशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने सीएम को बताया कि टर्मिनल बिल्डिंग के सामने एक इमारत काशी के गंगा घाटों जैसी दिखाई देगी। यहां पर घाटों वाली चहल-पहल का मंजर भी दिखेगा। टर्मिनल भवन की छत का डिजाइन भारतीय परंपरा के अनुसार होगा। छत में गंगा, यमुना और सरस्वती नदी के बहते हुआ जल दिखेगा। यह प्रयागराज संगम से प्रेरित है। यह एयरपोर्ट ऊर्जा, प्रकाश और पानी के लिए आत्मनिर्भर होगा। एयरपोर्ट के अंदर प्राकृतिक प्रकाश भीतरी हिस्सों तक पहुंच सकेगा।